वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016. दूरभाष

दिनांक 15 नवंबर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

डॉ. एस. सुबैय्या विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुनर्निर्वाचित एवं सुश्री निधि त्रिपाठी राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में निर्वाचित।

डॉ. एस. सुबैय्या (चेन्नई) और सुश्री निधि त्रिपाठी (दिल्ली) देश के अग्रणी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्रमशः राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री के पद के लिए सत्र 2019-20 हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुये है। यह घोषणा आज अभाविप केंद्र कार्यालय (मुंबई) से की गई।

अभाविप केंद्रीय कार्यालय से आज चुनाव अधिकारी डॉ. डी.के. शाही द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पद का कार्यकाल एक वर्ष रहेगा और दोनों पदाधिकारी आगरा (ब्रज) में दि. 22-25 नवंबर, 2019 में होने वाले 65 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

प्रा. डॉ. एस. सुबैय्या मूलतः तमिलनाडू के तुतुकुड़ी जिले से है। आप विद्यार्थी जीवन से ही सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में कार्य कर रहे है। चिकित्सा क्षेत्र में कैंसर विशेषज्ञ के रुप में ख्याति प्राप्त, आपकी शिक्षा MBBS, M.S., M.Ch. (कैंसर चिकित्सा) तक हुई है तथा वर्तमान में किल्पौक मेडिकल कॉलेज चेन्नई में कैंसर चिकित्सा विभाग में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। आपने अब तक 3000 से अधिक सर्जरी, 65 से अधिक चिकित्सीय शोधपत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रों में प्रकाशित किए है तथा अति विशिष्ट कैंसर विषयक शिक्षा में अब तक 50 से अधिक विद्यार्थियों को मार्गदर्शन कर चुके है। आप कैंसर विज्ञान चिकित्सा से जुड़ी विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों में माननीय सदस्य है। आपका चिकित्सा से जुड़े सेवाकार्यों में विद्यार्थी काल से ही संबंध रहा है तथा आप तमिलनाडू में शिक्षा के विकास तथा तमिल इतिहास पर विशेष रुचि रखते है। तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद इस विषय पर आपका सतत् अध्ययन है। आप वर्ष 1986 से परिषद के विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए पूर्व में आपने तमिलनाडू प्रांत अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। आप इस सत्र (2019-20) के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुनर्निर्वाचित हुए है। आपका निवास चेन्नई है।

सुश्री निधि त्रिपाठी मूलतः उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ जिले से है। आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से BA और जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय से MA, MPhil तक की पढाई पूर्ण की तथा वही पर PhD में अध्ययनरत है। वर्ष 2013 से अभाविप में सक्रीय रूप से जुडी। आपने पूर्व में जे.एन.यू. इकाई में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए वर्ष 2017 में JNU छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद की उम्मीदवार के रूप में अभाविप का प्रतिनिधित्व किया। 2016 में JNU में लगे भारत विरोधी नारों के विरुद्ध छात्र आंदोलन की अग्रणी सहभागी तथा अभाविप के मिशन साहसी अभियान के अखिल भारतीय स्वरूप पर ले जाने मे आपकी महती भूमिका रही है। वर्ष 2018 मे भारत सरकार के खेल एवं युवा कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित श्रीलंका यात्रा का प्रतिनिधित्व किया है। संस्कृत साहित्य की शोधार्थी के रूप में विभिन्न राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार मे पत्र रखे है। राष्ट्रीयता के मुद्दों पर मुखर प्रवक्ता एवं छात्रहित के मुद्दों पर सतत सक्रीय आप वर्तमान मे अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री तथा इस सत्र (2019-20) के लिए अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित हुई है। आपका निवास दिल्ली है।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है)